अध्याय 10

यात्रा का आरम्भ

तम्बू का प्रबन्ध उसके वस्तुओं के साथ करने, याजकों के पवित्रीकरण, लोगों की गिनती, और छावनी की व्यवस्था करने के बाद, इस्राएलियों के अपनी यात्रा आरम्भ करने से पहले मूसा को पूरा करने के लिए एक और काम दिया गया। परमेश्वर ने उन्हें चाँदी की दो तुरहियाँ बनाने और उनका उपयोग करने के निर्देश दिए, जिन्होंने लोगों के इस बड़े समूह (10:1-10) से संवाद करने में सहायता की। आखिरकार, मूसा और इस्राएली प्रतिज्ञा के देश तक पहुंचने के लिए सीनै से निकल पड़े (10:11-36)।

दो तुरहियाँ: उनका निर्माण और उपयोग (10:1-10)

**1फिर यहोवा ने मूसा से कहा, 2"चाँदी की दो तुरहियाँ गढ़के बनाई जाएँ; तू
उनको मण्डली के बुलाने, और छावनियों के प्रस्थान करने में काम में लाना। 3और
जब वे दोनों फूँकी जाएँ, तब सारी मण्डली मिलापवाले तम्बू के द्वार पर तेरे पास
इकट्ठी हो जाए। 4परन्तु यदि एक ही तुरही फूँकी जाए, तो प्रधान लोग जो इस्राएल
के हज़ारों के मुख्य पुरुष हैं तेरे पास इकट्ठे हो जाएँ। 5जब तुम लोग साँस बाँधकर
फूँको, तो पूर्व दिशा की छावनियों का प्रस्थान हो। 6और जब तुम दूसरी बार साँस
बाँधकर फूँको, तब दक्षिण दिशा की छावनियों का प्रस्थान हो। उनके प्रस्थान करने
के लिए वे साँस बाँधकर फूँकें। 7और जब लोगों को इकट्ठा करके सभा करनी हो तब
भी फूँकना, परन्तु साँस बाँधकर नहीं। 8और हारून के पुत्र जो याजक हैं वे उन
तुरहियों को फूँका करें। यह बात तुम्हारी पीढ़ी-पीढ़ी के लिए सदा की विधि रहे।
9और जब तुम अपने देश में किसी सताने वाले बैरी से लड़ने को निकलो, तब
तुरहियों को साँस बाँधकर फूँकना, तब तुम्हारे परमेश्वर यहोवा को तुम्हारा स्मरण
आएगा, और तुम अपने शत्रुओं में बचाए जाओगे। 10अपने आनन्द के दिन में, और
अपने नियत पर्वों में, और महीनों के आदि में, अपने होमबलियों और मेलबलियों
के साथ उन तुरहियों को फूँकना; इससे तुम्हारे परमेश्वर को तुम्हारा स्मरण आएगा;
मैं तुम्हारा परमेश्वर यहोवा हूँ।"**

आयतें 1, 2. यहोवा ने **मूसा** को **चाँदी** की **दो तुरहियाँ** बनाने के लिए कहा। इस प्रकार की "तुरही" (חֲצֹצְרָה, *चअत्सोत्सएराह)* एक मेंढ़े के सींग (שׁוֹפָר, *नरसिंगे)* से अलग है जिसे प्रायश्चित के दिन बजाया जाता था (लैव्य. 25:9)। दो तुरहियों

की बनावट उसी सामान्य समय अवधि से ज्ञात मिस्र की तुरहियों के समान थी, उनके समान जो राजा तूतनखामैन की कब्र में पाई गईं थीं। वे विशेष उपकरण लगभग दो फुट लंबे हैं और छोर पर फूली हुईं सीधे आकार की नलियों से बने हैं।[1]

10:1-10 में चाँदी की दो तुरहियों के उपयोग के लिए कई उद्देश्यों को दिया गया है:

1. **मण्डली** को **बुलाने** के लिए (10:2)।
2. छावनी डाले हुए इस्राएलियों को कूच करने का संकेत देने के लिए (10:2, 5, 6)।
3. मण्डली के प्रधानों को इकट्ठा करने के लिए (10:4)।
4. जब इस्राएल युद्ध के लिए जाए तो साँस बांधकर फूंकने लिए (10:9)।
5. परमेश्वर के लिए नियत पर्वों को मनाने के लिए (10:10)।

आयतें 3, 4. तुरही बजाने का अवसर ध्वनि के प्रकार को निर्धारित करता था जिसकी आवश्यकता थी। आयत 3 और 4 में, लक्ष्य एक सभा को बुलाना था। जब **दोनों** तुरहियाँ **फूँकी जाती थीं**, **समस्त मण्डली को मिलाप वाले तम्बू के सामने इकट्ठा** होना पड़ता था। अन्य समयों पर, केवल एक तुरही को फूंका जाता था, जो केवल **प्रधानों के इकट्ठा** होने का संकेत था।

आयतें 5, 6. जिस प्रकार से तुरहियाँ फूँकी जाती थीं यह संकेत करता था कि यह गोत्रों के यात्रा के लिए **कूच करने** का समय था। शब्द **फूंकना**, जो कि 3, और 4 आयत में दिखाई पड़ता है, शब्द **साँस बांधकर फूंको** द्वारा आयत 5 और 6 में परिमित किया गया है - यह दर्शाता है कि एक अलग ध्वनि बजाई गई थी। बी. मारसिंघ ने कहा कि, यहूदी परम्परा के अनुसार, "फूंकना" "एक लम्बी, अबाधित ध्वनि को संदर्भित करता है," जबकि "साँस बांधकर फूंकना" "छोटे बाधित सुरों को संदर्भित करता है (उनमें से तीन, बाद के यहूदी धर्म के अनुसार)।"[2]

तुरहियों को बजाने की संख्या विभिन्न **छावनियों** को भिन्न संदेश भेजती थी। जब पहली बार साँस बांधकर फूंका जाता, तो **पूर्व दिशा** के गोत्रों की छावनियाँ यात्रा आरम्भ करती थीं जिनकी अगुवाई यहूदा का गोत्र करता था (2:3, 34)। जब दूसरी बार **साँस बांधकर फूंका जाता**, तो **दक्षिण दिशा** के गोत्रों की छावनियाँ कूच करती थीं, उनकी अगुवाई रूबेन का गोत्र करता था (2:10)।

जो गोत्र निवासस्थान के पश्चिम और उत्तर में छावनियाँ डाले हुए थे उनके विषय में क्या? यह सम्भव है कि मेसोरेटिक टेक्स्ट (MT),[3] से पश्चिमी और उत्तरी गोत्रों का सन्दर्भ निकाल दिया गया हो, जिस पर हमारे अंग्रेजी संस्करण आधारित हैं। हालाँकि, ऐसा भी हो सकता है लेखक ने जानबूझकर इस जानकारी को छोड़ दिया था, यह जानकर कि पाठक इसकी कल्पना स्वयं कर लेगा: तीसरी बार साँस बांधकर फूंकने पर, पश्चिमी गोत्रों ने कूच किया, और चौथी बार साँस बांधकर फूंकने पर, उत्तरी गोत्र उनके पीछे कूच करते थे।

आयत 7. यह आयत आगे **सभा** को बुलाने (10:3, 4) और यात्रा के लिए कूच

करने हेतु **साँस बाँधकर** फूंकने (10:5, 6) पर तुरही की ध्वनि के बीच भेद पर बल देती है। मिशनाह एक "निरंतर गुंजन" के बीच अंतर करता है, जो "कंपन गुंजन" से तीन गुना लम्बी ध्वनि थी। बदले में, "कम्पन गुंजन" साँस बांधकर फूंकने"[4] से तीन गुना अधिक लम्बी ध्वनि थी।

आयत 8. चाँदी की दोनों **तुरहियों** को फूंकना **हारून के पुत्र जो याजक** थे उनका विशेष उत्तरदायित्व रहा, और यह उनकी **पीढ़ी-पीढ़ी के लिए** एक **सदा की विधि** ठहरी। भाषा शर्तों के महत्व और अवधि पर जोर देती है।[5] यह "सदा की विधि" तब तक बाध्यकारी थी जब तक कि पुराना नियम लागू रहा (देखें कुलु. 2:14)। हारून का याजकीय समाज और यहूदी बलिदान प्रणाली का अंतिम हटाया जाना 70 इस्वी में हुआ था जब यरूशलेम में मंदिर नष्ट हो गया था (देखें इब्रा. 8:13)।

आयत 9. सभा के समयों (10:3, 4) और यात्रा के लिए कूच करने (10:5, 6) के अतिरिक्त, **तुरहियों** को **युद्ध** की तैयारी के संकेत के लिए भी फूंका जाना था। जो निर्देश दिए गए हैं वे केवल बचाव में किए गए युद्ध के लिए **सांस बांधकर फूंकने** का वर्णन करते हैं: **किसी सताने वाले बैरी से लड़ने निकलो**। इस बात में कोई संदेह नहीं है कि इस्राएल के कनान पर विजय प्राप्त करने के अभियान में सम्मिलित युद्धों में भी तुरहियों का प्रयोग किया जाना था। बाद में, गिनती में, जब याजक पीनहास मिद्यानियों से विरुद्ध इस्राएलियों की सेना के साथ गया, तो वह तुरहियों को अपने हाथों में उठाकर ले गया (31:6)।

तुरहियों ने न केवल प्रधानों और लोगों के बीच संवाद का माध्यम प्रदान किया, परन्तु उनकी मंशा - बोलने के एक माध्यम के रूप में थी - ये परमेश्वर की सहायता और आशीषों को सुनिश्चित करने के लिए परमेश्वर का ध्यान आकर्षित करने का माध्यम भी थीं। युद्ध के मामले में, तुरहियाँ **यहोवा के सामने लोगों को स्मरण दिलाने ... और उनके शत्रुओं से छुड़ाए जाने का कारण ठहरेंगी**।

आयत 10. आनन्द के निश्चित अवसरों पर, जैसे कि **नियत पर्वों के समान**, **तुरहियाँ परमेश्वर** के लिए उसके लोगों इस्राएल का अनुस्मारक थीं। इन पर्वों में फसह, अखमीरी रोटी का पर्व, सप्ताहों (पेन्तिकुस्त) का पर्व, तुरहियों का पर्व, प्रायश्चित का दिन, और झोंपड़ियों का पर्व रहे (लैव्य. 23; गिनती 28: 29)। तुरहियों को उनके **होमबलियों** और **मेलबलियों** के ऊपर फूंकना पड़ता था। ये निर्देश इस आधिकारिक कथन के साथ समाप्त होते हैं: "**मैं तुम्हारा परमेश्वर यहोवा हूँ।**"

यात्रा के लिए तैयार (10:11-13)

[11]दूसरे वर्ष के दूसरे महीने के बीसवें दिन को बादल साक्षी के निवास पर से उठ गया, [12]तब इस्राएली सीनै के जंगल से प्रस्थान करके निकले; और बादल पारान नामक जंगल में ठहर गया। [13]उनका प्रस्थान यहोवा की उस आज्ञा के अनुसार जो उसने मूसा को दी थी आरम्भ हुआ।

आयतें 11-13. सीनै पर्वत पर लगभग एक वर्ष बिताने के बाद - **दूसरे वर्ष के दूसरे महीने के बीसवें दिन को** - इस्राएलियों ने कनान देश के लिए प्रस्थान किया। उनके प्रस्थान का संकेत यह था कि **साक्षी के तम्बू के ऊपर से बादल उठ गया था** (देखें 9:15-23)। पवित्र तम्बू को "साक्षी का तम्बू" कहा गया है (जैसा कि 1:50, 53 में है) क्योंकि इसके भीतर, वाचा का सन्दूक, और पत्थर की वे दो तख्तियाँ थीं जिन पर दस आज्ञाएँ लिखी हुई थीं।

बादल के उठने पर, लोगों का **प्रस्थान यहोवा की उस आज्ञा के अनुसार जो उसने मूसा को दी थी आरम्भ हुआ।** सम्भवतः, जब बादल उठा, मूसा ने बादल के उठने के संकेत की आज्ञा का वर्णन किया। इसके बाद इस्राएलियों ने "प्रस्थान किया" इसमें कोई संदेह नहीं कि तुरहियों के फूंके जाने का संकेत किया गया था जब प्रत्येक गोत्र को कतार में अपना स्थान लेना था। इस्राएलियों ने उत्तर पूर्व में **सीनै के जंगल से, पारान नाम के जंगल** की ओर यात्रा की (देखें *परिशिष्ट: 1:1-15:41 में मुख्य स्थान और भेदियों का मार्ग,* पेज 155)।

"प्रस्थान का क्रम" (10:14-28)

[14]और सबसे पहले यहूदियों की छावनी के झंडे का प्रस्थान हुआ, और वे दल
बाँधकर चले; और उन का सेनापति अम्मीनादाब का पुत्र नहशोन था। [15]और
इस्साकारियों के गोत्र का सेनापति सूआर का पुत्र नतनेल था। [16]और जबूलूनियों
के गोत्र का सेनापति हेलोन का पुत्र एलीआब था।

[17]तब निवास उतारा गया, और गेर्शोनियों और मरारियों ने जो निवास को
उठाते थे प्रस्थान किया। [18]फिर रूबेन की छावनी के झंडे का कूच हुआ, और वे भी
दल बनाकर चले; और उनका सेनापति शदेऊर का पुत्र एलीशूर था। [19]और
शिमोनियों के गोत्र का सेनापति सूरीशद्दै का पुत्र शलूमीएल था। [20]और गादियों
के गोत्र का सेनापति दूएल का पुत्र एल्यासाप था।

[21]तब कहातियों ने पवित्र वस्तुओं को उठाए हुए प्रस्थान किया, और उनके
पहुँचने तक गेर्शोनियों और मरारियों ने निवास को खड़ा कर दिया। [22]फिर
एप्रैमियों की छावनी के झंडे का कूच हुआ, और वे भी दल बनाकर चले; और उनका
सेनापति अम्मीहूद का पुत्र एलीशामा था। [23]और मनश्शेइयों के गोत्र का सेनापति
पदासूर का पुत्र गम्लीएल था। [24]और बिन्यामीनियों के गोत्र का सेनापति गिदोनी
का पुत्र अबीदान था।

[25]फिर दानियों की छावनी जो सब छावनियों के पीछे थी, उसके झंडे का
प्रस्थान हुआ, और वे भी दल बनाकर चले; और उनका सेनापति अम्मीशद्दै का पुत्र
अखीआज़र था। [26]और आशेरियों के गोत्र का सेनापति ओक्रान का पुत्र पजीएल
था। [27]और नप्तालियों के गोत्र का सेनापति एनान का पुत्र अहीरा था। [28]इस्राएली
इसी प्रकार अपने अपने दलों के अनुसार प्रस्थान करते, और आगे बढ़ा करते थे।

क्रम जिसमें गोत्रों को छावनी लगानी थी और एक जगह से दूसरी जगह से

प्रस्थान करना था, इसे अध्याय 2 में समझाया गया है। जैसे ही उन्होंने 10:11-28 में यात्रा आरम्भ की, बारह गोत्रों और उनके प्रधानों ने परमेश्वर के आज्ञा के अनुसार कूच किया। प्रत्येक गोत्र ने "छावनी के झण्डे" के साथ यात्रा की। 10:33 के अनुसार, जैसे-जैसे कतार आगे बढ़ी वाचा का सन्दूक इनके आगे-आगे चला।

आयतें 14-16. जिस छावनी ने सबसे पहले कूच किया वह निवासस्थान के पूर्व दिशा की ओर की छावनी थी। उनका प्रधान गोत्र **यहूदा** था, जिसके साथी **इस्साकार** और **जबुलून** थे (2:3-9)।

आयत 17. पूर्वी दिशा के गोत्र के कूच करने के बाद, **निवासस्थान को उतारा गया**। लेवियों के दो कुल इसके और इसकी विभिन्न वस्तुओं के प्रस्थान के लिए उत्तरदायी थे। **गेर्शोन के पुत्र** जिन्होंने निवासस्थान के पश्चिम में छावनी डाली थी, उन्हें इसके आवरणों को उठाकर चलने की आज्ञा दी गई थी (3:21-26)। **मरारी के पुत्र**, जिन्होंने उत्तर दिशा में छावनी डाली थी, उन्हें इसका ढांचा उठाकर चलने के निर्देश दिए गए थे (3:33-37)। इन दोनों कुलों के लोगों को उनके कर्तव्यों में सहायता करने के लिए बैलगाड़ियाँ दी गईं थीं (7:2-9)। निवासस्थान को उतारने और इसके भागों को बैलगाड़ियों पर लादने के बाद, उन्होंने **कूच किया**।

आयतें 18-20. कूच करने वाली अगली **छावनी** निवासस्थान के दक्षिण दिशा के गोत्रों से मिलकर बनी छावनी थी। उनका प्रधान गोत्र **रूबेन** था, उसके साथ **शिमोन** और **गाद** थे (2:10-16)।

आयत 21. इनके बाद, **कहातियों ने पवित्र वस्तुओं को उठाए हुए प्रस्थान किया**। कहाती जो निवास स्थान की दक्षिण दिशा में छावनी डाले थे, वे लेवियों का तीसरा कुल थे। वे निवास स्थान के साजो-सामान को उठाकर ले जाने के प्रति उत्तर दायी थे (3:27-32)। "पवित्र वस्तुओं" में दिखाने की रोटी, दीवट, धूप की वेदी और होमबलि की वेदी सम्मिलित रही होगी। वाचा के सन्दूक ने इस्राएल के पूरे जुलूस (10:33) का नेतृत्व किया, परन्तु इसका विशेष रूप से उल्लेख नहीं किया गया है।

अध्याय 2 और 10 में मण्डली के विवरण के बीच अन्तर उल्लेखनीय है। अध्याय 2 यात्रा व्यवस्था का एक और सामान्य चित्र प्रदान करता है। यह उल्लेख करने के बाद कि पूर्वी और दक्षिणी छावनियों ने कूच किया, यह कहता है, "तब मिलाप का तम्बू लेवियों की छावनियों के साथ छावनियों के बीच में होकर कूच करेगा" (2:17)। इसके विपरीत, अध्याय 10 अधिक विशिष्ट है, यह दर्शाता है कि तम्बू को अलग किया गया था और मण्डली से पहले उठा लिया गया था (10:17)। वास्तव में, यह केवल तम्बू की वस्तुएं थीं जो मण्डली के केंद्र में थीं (10:21)।

लेवियों को दो समूहों में विभाजित करने का कारण यह था **वस्तुओं के आने** से पहले अगली छावनी में **तम्बू को खड़ा किया** जा सकता था। गेर्शोनियों और मरारियों ने जो तम्बू के भारी भागों को उठाकर चल रहे थे, वे कहाती लोगों से आगे चले गए, जो पवित्र वस्तुओं को उनके कंधों पर उठाकर चल रहे थे, ताकि तम्बू को खड़ा किया जा सके और कहातियों के आने पर उन वस्तुओं को ग्रहण करने के लिए तैयार हो सके। इस विवरण को प्रदान करने के बजाए, अध्याय 2 में कहा

गया है कि लेवियों और मिलाप वाला तम्बू "छावनियों के बीच में" था और इसलिए इस्राएल के अस्तित्व और पहचान के लिए केंद्र था (2:17 पर टिप्पणियां देखें)।

आयतें 22-24. कहातियों के पीछे, निवासस्थान के पश्चिम में स्थित गोत्रों ने **कूच किया**। गोत्रों के इस तीसरे समूह की अगुवाई **एप्रैम** ने की और इसमें **मनश्शे** और **बिन्यामीन** सम्मिलित थे (2:18-24)।

आयतें 25-27. अगला **कूच करने वाली छावनी** निवासस्थान के उत्तर दिशा में थी। इसका प्रधान दान का गोत्र था, जिसके संगी **आशेर** और **नप्ताली** (2:25-31) थे। यह दल **सभी छावनियों** की पीछे से **रक्षा करने वाले रक्षकों** से मिलकर बना था।

आयत 28. ये भाग इन शब्दों के साथ समाप्त होता है: **इस्राएली इसी प्रकार अपने-अपने दलों के अनुसार प्रस्थान करते, और आगे बढ़ा करते थे।** इस भाग में शब्द "दलों" को दोहराया गया है, यह इस बात पर बल देता है कि परमेश्वर इस्राएल को पवित्र युद्ध के लिए तैयार कर रहा था (1:3 पर टिप्पणियाँ देखें)। जैसे-जैसे गोत्र कनान की ओर मुड़े, वे (कम से कम सैद्धान्तिक रूप से) परमेश्वर के लिए सशस्त्र हो चुके थे और युद्ध के लिए तैयार थे।

होबाब को निमंत्रण (10:29-32)

29मूसा ने अपने ससुर रूएल मिद्यानी के पुत्र होबाब से कहा, "हम लोग उस स्थान की यात्रा करते हैं जिसके विषय में यहोवा ने कहा है कि मैं उसे तुम को दूँगा; इसलिए तू भी हमारे संग चल, और हम तेरी भलाई करेंगे; क्योंकि यहोवा ने इस्राएल के विषय में भला ही कहा है।" 30होबाब ने उसे उत्तर दिया, "मैं नहीं जाऊँगा; मैं अपने देश और कुटुम्बियों में लौट जाऊँगा।" 31फिर मूसा ने कहा, "हम को न छोड़, क्योंकि हमें जंगल में कहाँ-कहाँ डेरा खड़ा करना चाहिये, यह तुझे ही मालूम है, तू हमारे लिए आँखों का काम देना। 32और यदि तू हमारे संग चले, तो निश्चय जो भलाई यहोवा हम से करेगा उसी के अनुसार हम भी तुझ से वैसा ही करेंगे।"

स्पष्ट तौर पर, यह घटना इस्राएल के प्रस्थान के आरम्भ होने से पहले हुई थी; दूसरे शब्दों में, कालक्रम के अनुसार, 10:29-32 10:11-28 से पहले है।

आयतें 29, 30. जैसे ही इस्राएली सीनै से प्रस्थान के लिए तैयार हुए, **मूसा** ने **होबाब** से कहा, जिसका परिचय मूसा के **ससुर मिद्यानी रूएल** के पुत्र के रूप में दिया गया है, कि वह कनान की यात्रा पर इस्राएलियों के साथ चले। मूसा का निमंत्रण इस बिंदु पर था: "**हम लोग उस स्थान की यात्रा करते हैं जिसके विषय में यहोवा ने कहा है कि मैं उसे तुम को दूँगा; इसलिए तू भी हमारे संग चल, और हम तेरी भलाई करेंगे; क्योंकि यहोवा ने इस्राएल के विषय में भला ही कहा है।**" वह होबाब को इस्राएल से प्रतिज्ञा की गई सभी आशीषों में भाग देने के लिए तैयार था। होबाब ने इसे यह संकेत देते हुए अस्वीकार कर दिया, यह दर्शाता है कि वह

अपने **देश और कुटुम्बियों में लौटना** अधिक पसंद करता था।

आयतें 31, 32. मूसा ने होबाब को दूसरी बार मनाने का प्रयास किया: **"हम को न छोड़, क्योंकि हमें जंगल में कहाँ-कहाँ डेरा खड़ा करना चाहिये, यह तुझे ही मालूम है, तू हमारे लिए आँखों का काम देना।"** इस बार उसने कहा कि होबाब, इस क्षेत्र से परिचित होने के कारण, जंगल में इस्राएल की "आँखों" का काम करने द्वारा इस्राएल का मार्गदर्शन करने में उनकी सहायता कर सकता था। इसके साथ ही, उसने वचन दिया कि जो भी भलाई परमेश्वर ने इस्राएल के लिए की थी, वे उसी के समान होबाब से भी करेंगे।

इस भेंट का परिणाम नहीं दिया गया। हालाँकि, न्यायियों 4:11 "हेबेर नामक केनी" जिसने स्वयं को मूसा के ससुर के पुत्र होबाब के पुत्र, केनियों से अलग कर लिया था (देखें न्यायियों 1:16)। इसी कारण यह इस प्रकार सुनाई पड़ता है कि "होबाब के पुत्र" कनान पर विजय प्राप्त करने के बाद भी इस्राएल के साथ थे, जो बदले में यह संकेत करता है कि होबाब ने अपना मन बदला और जंगल में इस्राएल की यात्रा के दौरान उनके साथ गया।

होबाब के सम्बन्ध में दो प्रश्न उठते हैं। पहला, होबाब को न्यायियों 4:11 में "मूसा का ससुर" किस प्रकार कहा गया है, जबकि निर्गमन 2:18 और 3:1 कहता है रूएल या यित्रो (स्पष्ट तौर पर एक ही व्यक्ति के दो नाम) मूसा का ससुर था (देखें निर्गमन 18:1, 2)? गिनती 10:29 का अनुवाद इस प्रकार किया जा सकता है कि इसका अर्थ यह हो सकता है कि रुएल मूसा का ससुर था और होबाब उसका पुत्र था (इसी कारण होबाब मूसा का साला था) या यह कि होबाब मूसा का साला था (जिसने रुएल को मूसा का ससुर बना दिया होगा)। अधिकांश संस्करण इस अस्पष्टता को बनाए रखते हैं; NAB और REB ने गिनती 10:29 में निर्दिष्ट करके इसे हटा दिया कि मूसा होबाब का दामाद था। न्यायियों 4:11 यह कहने में अस्पष्ट नहीं है कि मूसा होबाब का दामाद था। हालाँकि, NIV ने न्यायियों 4:11 में, "मूसा के साले, होबाब के वंशज" एक पाद टीका "या ससुर" के साथ है।

इस स्पष्ट विरोधाभास के लिए कई व्याख्याएं दी गईं हैं: (1) मूसा के ससुर के भिन्न नाम भिन्न स्रोतों से आते हैं। दस्तावेजी परिकल्पना[6] का समर्थन करने वाले उदार विद्वानों का कहना है कि गिनती की सामग्री कई स्रोतों से आई है और "होबाब" और "यित्रो" दो अलग-अलग लोगों से आए हैं।[7] जो लोग गिनती के लेखक के रूप में मूसा को स्वीकार करते हैं उन्हें इस स्पष्टीकरण को अस्वीकार कर देना चाहिए। (2) होबाब और यित्रो एक ही व्यक्ति के लिए दो नाम हैं, और रूएल इस मनुष्य का पिता और परिवार का मुखिया था; इसलिए, ये वह व्यक्ति था जिसकी पुत्रियों ने निर्गमन 2[8] में समाचार दिया था। (3) होबाब रूएल या यित्रो का पुत्र था, परन्तु रूएल की मृत्यु होने पर, वह परिवार का मुखिया बन गया और एक भाव से, मूसा की पत्नी का पिता और मूसा का ससुर बन गया।[9] (4) एक और सम्भावना यह है कि "रूएल," "यित्रो" और "होबाब" सभी एक ही व्यक्ति के नाम हैं। यह स्पष्टीकरण असम्भव लगता है, क्योंकि दोनों का गिनती 10:29 में एक साथ उल्लेख किया गया है। कोई स्पष्टीकरण पूरी तरह संतोषजनक प्रतीत नहीं

होता।

दूसरा, यदि इस्राएलियों का मार्गदर्शन बादल के द्वारा किया गया था, तो जंगल में होबाब को उनका मार्गदर्शक बनने की आवश्यकता क्यों पड़ी? इसका एक सम्भव उत्तर है बादल ने सामान्य मार्गदर्शन किया, उस दिशा में जाकर जिसमें इस्राएलियों को चलना था, परन्तु परमेश्वर ने इसमें सम्मिलित लोगों पर विशेष मार्ग लेने का उत्तरदायित्व छोड़ दिया।

सीनै से प्रस्थान (10:33-36)

33फिर इस्राएलियों ने यहोवा के पर्वत से प्रस्थान करके तीन दिन की यात्रा की; और उन तीनों दिनों के मार्ग में यहोवा की वाचा का सन्दूक उनके लिए विश्राम का स्थान ढूँढ़ता हुआ उनके आगे-आगे चलता रहा। 34और जब वे छावनी के स्थान से प्रस्थान करते थे तब दिन भर यहोवा का बादल उनके ऊपर छाया रहता था।
35और जब-जब सन्दूक का प्रस्थान होता था तब-तब मूसा यह कहा करता था, हे यहोवा, उठ, और तेरे शत्रु तितर-बितर हो जाएँ, और तेरे बैरी तेरे सामने से भाग जाएँ।" 36और जब-जब वह ठहर जाता था तब-तब मूसा कहा करता था, "हे यहोवा, हज़ारों-हज़ार इस्राएलियों में लौटकर आ जा।"

आयतें 33, 34. इस्राएल की यात्रा के आरम्भ की कहानी, **यहोवा के पर्वत से**, सीनै पर्वत से लोगों के प्रस्थान के साथ आरम्भ होती है। 10:13 में यह जारी रहती जहाँ पर यह छोड़ी गई थी, शब्द यह निर्दिष्ट करता है कि इस्राएलियों ने, उनके आगे-आगे चल रहे वाचा के सन्दूक के साथ, **तीन दिनों** तक यात्रा की और **यहोवा का बादल** उनके ऊपर था।

आयतें 35, 36. अध्याय उन प्रार्थनाओं का वर्णन करने के साथ समाप्त होता है जो-जो मूसा ने तब कही **जब-जब सन्दूक का प्रस्थान होता था** और **जब-जब वह ठहर जाता था**। जब लोग अपनी यात्रा फिर से आरम्भ करते थे, वह प्रार्थना करता था **"हे यहोवा, उठ, और तेरे शत्रु तितर-बितर हो जाएँ, और तेरे बैरी तेरे सामने से भाग जाएँ।"** इसके बाद, जब छावनी खड़ा करने का समय होता, तो वह कहता, **"हे यहोवा, हज़ारों-हज़ार इस्राएलियों में लौटकर आ जा।"**

यह वाक्यांश, 9:15-23 के समान ही, एक ऐतिहासिक दृष्टिकोण से लिखा गया था। यात्रा के पूरे होने पर फिर से इस पर दृष्टि करने पर, लेखक ने सन्दूक के प्रस्थान के विषय में यह रोचक जानकारी प्रदान की।

"जब सन्दूक प्रस्थान करता," तो परमेश्वर से उसके शत्रुओं को तितर-बितर करने की प्रार्थना की जाती। "जब-जब यह ठहरता" मूसा की प्रार्थना संकेत करती है कि परमेश्वर ने अपने लोगों को आशीष दी। प्रार्थना के दोनों भागों में परमेश्वर को सम्बोधित किया गया है, "हे यहोवा, उठ!" और "हे यहोवा, लौट आ" यह संकेत करती थी कि सन्दूक उसकी उपस्थिति को दर्शाता था। इन औपचारिक प्रार्थनाओं ने पुराने नियम के निरंतर दृष्टिकोण को बताया या निहित किया: परमेश्वर अपने

शत्रुओं को श्राप देता है और उन लोगों को आशीष देता है जो उसके आज्ञाकारी हैं।

इस्राएल के मार्गदर्शन का विवरण कुछ सीमा तक भ्रमित करने वाला हो सकता है। इस्राएल का एक बादल द्वारा मार्गदर्शन किया गया, एक तुरही की ध्वनि से निर्देशित किया गया, उसे मूसा द्वारा प्रस्थान की आज्ञा दी गई, जिसे होबाब (या, उसकी अनुपस्थिति में, कुछ अन्य मनुष्यों द्वारा) द्वारा निर्देशित किया गया था, और वाचा के सन्दूक के द्वारा नेतृत्व किया गया था। इन कथनों को पूरक के रूप में देखा जाना चाहिए। पूरी प्रक्रिया कुछ ऐसी दिखाई पड़ी होगी:

पहले बादल चलता था, यह इस्राएल के चलने के लिए तैयारी करने का संकेत था।

एक दृश्य संकेत के साथ एक ध्वनि संकेत को जोड़ते हुए, मूसा की आज्ञा पर तुरही की ध्वनि होती थी। इन संकेतों पर लोग छावनी को गिराना आरम्भ कर देते थे।

एक विराम के बाद, जब लोग प्रस्थान के लिए तैयार होते, सन्दूक को उठाया जाता, जैसे ही मूसा आवश्यक विधिपूर्ण प्रार्थना को बोलता। याजक बादल की ओर सन्दूक को उठाकर ले चलते ताकि वह लोगों के झुण्ड का नेतृत्व करे।

तुरहियों के फूंकने के साथ ही, गोत्र अपने विन्यास में आ जाते, और इसके बाद पूरी कतार धीरे-धीरे प्रस्थान करना आरम्भ करती, सन्दूक के पीछे चलते हुए जो कि बादल का पीछा करता था।

जैसे-जैसे यात्रा आगे बढ़ती, होबाब (या एक अन्य मनुष्य या अन्य बहुत से मनुष्य) ने सबसे सरल मार्ग की खोज की, जल की खोज की, और सम्भावित शत्रुओं से निगरानी की।

अनुप्रयोग

आत्मिक लड़ाइयों की तैयारी करना (1:1-10:10)

मसीही इस संसार में बुराई की शक्तियों के विरुद्ध युद्ध में हैं। हमें 2 तीमुथियुस 4:7 में पौलुस के शब्दों में परिलक्षित संघर्ष में सम्मिलित होना है: “मैंने अच्छी कुश्ती लड़ी है।”

जैसे ही इस्राएल ने सीनै से प्रस्थान किया और प्रतिज्ञा के देश की ओर यात्रा की, उन्हें एक युद्ध की आशा थी। यहाँ तक कि जब वे मिस्र से निकल रहे थे तब भी उन्हें युद्ध की आशा थी (निर्गमन 13:17, 18)। सीनै के मार्ग में इस्राएल पर आक्रमण हुआ और उसे अमालेक से युद्ध करना पड़ा (निर्गमन 17:6-16)। जब परमेश्वर ने लोगों की गिनती ली, तो उसने मूसा से कहा उन पुरुषों की गिनती कर “जो लड़ाई में जाने के योग्य हैं” (गिनती 1:2, 3)। गिनती 10:9 कहता है, “जब तुम अपने देश में किसी सताने वाले बैरी से लड़ने को निकलो, तब तुरहियों को साँस बाँधकर फूँकना।”

गिनती में कई युद्ध दर्ज हैं। अध्याय 13 और 14 में, लोगों ने परमेश्वर की इच्छा के अनुसार देश में प्रवेश करने से इनकार किया और अपने शत्रुओं से लड़ने

का प्रयास किया, इसके घातक परिणाम हुए (14:44, 45)। अध्याय 21 के अनुसार, उन्होंने कनानियों के राजा अराद पर विजय प्राप्त की (21:1-3) और इसके बाद अमोरियों के राजा सीहोन और बशान के राजा ओग को भी हरा दिया (21:21-35)। अध्याय 31 में एक दण्डात्मक अभियान में, उन्होंने मिद्यानियों को नष्ट कर दिया (31:1-12)। अन्ततः यहोशू के अधीन, इस्राएल ने कनान के निवासियों के विरुद्ध युद्ध किया और प्रतिज्ञा के देश को जीत लिया।

गिनती के पहले दस अध्याय युद्ध के समय के लिए परमेश्वर के अपने लोगों की तैयार करने के रूप में देखा जा सकता है। आज हम जिन आत्मिक लड़ाइयों का सामना कर रहे हैं, उससे लड़ने के लिए किस प्रकार तैयार हो सकते हैं, उनकी तैयारी में इस विषय में संकेत हैं।

हमें व्यवस्थित होना चाहिए। युद्ध के लिए इस्राएल को व्यवस्थित करने में योजना और तैयारी के तीन चरण सम्मिलित हैं। हम उन्हें दिए गए परमेश्वर के निर्देशों से कुछ आधारभूत सिद्धांतों को सीख सकते हैं।

1. गिनती करना। कोई भी सेनापति जो युद्ध लड़ने की योजना बना रहा है उसे पता होना चाहिए कि कितने सैनिक तैनात करने हैं। इस उद्देश्य के लिए, इस्राएली सेना की गिनती की जानी, इसलिए जनगणना ली गई थी। अध्याय 1 में वह गिनती दर्ज है। सभी लोग जो बीस वर्ष से अधिक थे, जो “युद्ध करने के योग्य थे” गिनती में सम्मिलित थे (1:1-46)। जनगणना से संकेत मिलता है कि इस्राएल में 6,00,000 से अधिक पुरुष उनके युद्ध को लड़ने के लिए तैयार थे।

2. विशेष कर्मियों को लैस करना। सेना को व्यवस्थित करने के लिए आवश्यक है कि विशेष कर्तव्यों वाले लोगों को अपने कार्यों के लिए लैस होना चाहिए। आज एक सेना के मामले में, विशेष कर्मियों को नियुक्त करने में एक अधिकारी नियुक्त करना सम्मिलित है; इसमें विभिन्न प्रकार की विशेष शक्तियों का उपयोग भी सम्मिलित हो सकता है। इस्राएल की सेना में, “विशेष कर्तव्यों” वाले लोग याजक और लेवीय थे। गिनती के आरम्भिक अध्याय बताते हैं कि लेवियों को गिना गया और उनके कर्तव्यों का वर्णन किया गया। लेवियों को निवासस्थान की देखभाल करनी थी और सामान्य रूप से याजकों की सहायता करनी थी (1:47-54; 3:1-39; 4:1-49)।

3. रणनीति के अनुसार योजना बनाना। व्यवस्थित करने का एक और पहलू सेना के कूच करने की योजना बनाना है। कोई भी सेना जो युद्ध में सफल होने की आशा रखती है उसके पास निश्चय ही उसकी सेनाओं को लाने ले जाने और उन्हें तैनात करने की एक योजना होनी चाहिए। इस्राएल के मामले में, परमेश्वर ने इस सम्बन्ध में निर्देश दिए कि इस्राएल के दलों के किस समूह को आगे जाना था और उन्हें किस प्रकार छावनी खड़ी करनी थी (2:1-34)।

प्रभु की कलीसिया को व्यवस्थित होना चाहिए। मसीह कलीसिया का मुखिया है, परन्तु प्रत्येक स्थानीय मण्डली स्वायत्त है, जिसकी प्राचीनों द्वारा देख-रेख की जाती है और डीकनों के द्वारा इसकी सेवा की जाती है। प्रचारक और शिक्षकों जैसे अन्य “विशेष कर्मी,” स्थानीय कलीसिया को अपने उद्देश्यों को पूरा करने में

सहायता करते हैं। दरअसल, सभी सदस्य मण्डली बनाने में सहायता के लिए अपने वरदानों का उपयोग करने के लिए उत्तरदायी हैं (देखें 1 कुरि. 12)। इसके अलावा, यह सुनिश्चित करने के लिए कि काम पूरा हो योजना और संगठन आवश्यक है (देखें प्रेरितों 6)। निश्चित रूप से, जो अगुवे हैं उन्हें पता होना चाहिए कि "परमेश्वर की सेना" में कौन है और कितने सदस्य हैं। एक अर्थ में, सभी मसीहियों को नाज़ीरों के समान होना चाहिए, जो पूरी तरह से - थोड़े समय के लिए नहीं (जैसा की नाज़ीरों का नियम था), बल्कि जीवन भर के लिए पूरी तरह से प्रभु को समर्पित थे।

हमें पोशाक से सुसज्जित होना चाहिए। युद्ध के लिए एक सेना की तैयारी में यह सुनिश्चित करना सम्मिलित था कि प्रत्येक सैनिक के पास आवश्यक कवच और हथियार हों। इस्राएल के मामले में, कुछ और आवश्यक था। शत्रुओं को हराने के लिए देश को जो चाहिए था परमेश्वर की सहायता थी। इस्राएल के लिए परमेश्वर के युद्ध करना जारी रखने के लिए, उसने आज्ञा दी कि लोग पवित्रता को पहन लें। इस्राएली एक "पवित्र जाति" थे (निर्गमन 19:6)। उन्हें अपनी पवित्रता को बनाए रखना था - उनकी पवित्र, अलग की गई स्थिति। इस्राएल की पवित्रता को बनाए रखना गिनती 1-10 में एक बड़ी चिंता थी, क्योंकि इस्राएल की सेना बाहर निकलने के लिए तैयार हो गई थी। इस पवित्रता को बनाए रखने के लिए, इस्राएल को कुछ आज्ञाओं का पालन करना पड़ा।

1. इस्राएलियों को अपनी पवित्रता को बनाए रखने के लिए विशिष्ट मापदण्ड लेने पड़े (5:1-4)। उन्हें अशुद्ध लोगों को छावनी से बाहर निकालना था।

2. निरन्तर शुद्धता या पवित्रता बनाए रखने के लिए उपाय करने के लिए, बलिदान प्रणाली को स्थापित किया गया (5:5-10)। इन माध्यमों से लोग क्षमा प्राप्त कर सकते थे।

3. छावनी में शुद्धता के विषय में चिंता इतनी गम्भीर थी कि एक पत्नी के विश्वासघात का संदेह तक भी महत्वपूर्ण था। यह निश्चय करने के लिए कि संदेहास्पद व्यभिचारी स्त्री वास्तव में दोषी थी या नहीं परमेश्वर ने इसके लिए एक तरीका दिया (5:11-31)।

इन सभी प्रक्रियाओं के द्वारा, इस्राएल को पवित्रता की "पोशाक" पहनाई गई थी। यहोवा के साथ इसके विशेष सम्बन्ध का अर्थ था कि यह युद्ध के लिए तैयार थी। इस्राएल के समान, हमें "युद्ध के लिए पोशाक पहननी" है। पौलुस ने हमें इफिसियों 6:10-17 में बताया कि युद्ध के लिए किस प्रकार तैयारी करनी है:

> इसलिए प्रभु में और उसकी शक्ति के प्रभाव में बलवन्त बनो। परमेश्वर के सारे हथियार बाँध लो कि तुम शैतान की युक्तियों के सामने खड़े रह सको। क्योंकि हमारा यह मल्लयुद्ध लहू और मांस से नहीं परन्तु प्रधानों से, और अधिकारियों से, और इस संसार के अन्धकार के हाकिमों से और उस दुष्टता की आत्मिक सेनाओं से है जो आकाश में हैं। इसलिए परमेश्वर के सारे हथियार बाँध लो कि तुम बुरे दिन में सामना कर सको, और सब कुछ पूरा करके स्थिर रह सको। इसलिए सत्य से अपनी कमर कसकर, और धार्मिकता की झिलम पहिन कर, और पाँवों में मेल के सुसमाचार की तैयारी के जूते पहिन कर; और इन सब के

> साथ विश्वास की ढाल लेकर स्थिर रहो जिससे तुम उस दुष्ट के सब जलते हुए तीरों को बुझा सको। और उद्धार का टोप, और आत्मा की तलवार, जो परमेश्वर का वचन है, ले लो।

इस्राएल के मामले में, परमेश्वर वह है जो हमें शत्रु से लड़ने में सहायता करता है और हमारे बैरियों के आक्रमणों से हमारी रक्षा करता है। यदि हम इस बात से आश्वस्त है कि परमेश्वर हमारी ओर है, तो हमें "उचित पोशाक" पहननी चाहिए। हमें सबसे पहले बपतिस्मा में "मसीह को ... पहन लेना" चाहिए (गला. 3:27)। इसके बाद हमें "पवित्र होने के लिए प्रयास करना चाहिए जिसके बिना कोई प्रभु को नहीं देखेगा" (इब्रा. 12:14; RSV; देखें 1 पतरस 2:9)।

हमारे पास एक सुरक्षित और अनुरक्षित निष्ठा होनी चाहिए। युद्ध के लिए इस्राएल की तैयारी, जैसा कि 1:1-10:10 में दर्शाया गया है, इसमें यह सुनिश्चित करना सम्मिलित था कि लोग समझें कि परमेश्वर उनका सेनापति था और उनके राष्ट्रीय जीवन के केंद्र में था। यह उद्देश्य इस्राएल की धार्मिक सभाओं के माध्यम से प्राप्त किया गया था, जिसमें इस्राएल के जीवन में परमेश्वर की भूमिका पर बल दिया जाता था।

हमें स्मरण रखना चाहिए कि परमेश्वर हमारे जीवन के लिए केंद्र है। वह हमारा मुख्य सेनापति है; हमारी सारी निष्ठा उसके लिए ही है। इस तथ्य के लिए हमारा अनुस्मारक क्या है? हमारी सार्वजनिक आराधना सभाओं को हमें परमेश्वर के साथ हमारे सम्बन्ध पर केंद्रित बनाए रखना चाहिए। जब हम आराधना करने के लिए मिलते हैं, तो हम परमेश्वर की स्तुति करते हैं और उससे प्रार्थना करते हैं। जब हम प्रभु भोज में भाग लेते हैं तो हम स्मरण करते हैं कि परमेश्वर ने अपने पुत्र को देकर क्या किया है। हम परमेश्वर को देते भी हैं, और हम उसे उसके वचन के माध्यम से हमसे बात करते हुए सुनते हैं क्योंकि हम पवित्रशास्त्र के पढ़े जाने और प्रचार किए जाने पर ध्यान देते हैं। जब कलीसिया आराधना के लिए एक साथ मिलती है तो निरन्तर उपस्थित रहना हमें उस व्यक्ति की स्मरण दिलाता है जिसके लिए हम लड़ते हैं।

हमारा सम्पर्क होना चाहिए। प्राचीन काल से आधुनिक काल तक सेनाओं को हमेशा संचार के प्रभावी साधनों की आवश्यकता रही है। सेना के सेनापति को अपनी सेना तक अपने आदेशों को संवाद करने में सक्षम होना चाहिए, और उन्हें अपनी प्रगति के विषय उसके साथ संवाद करना चाहिए।

जब इस्राएल ने युद्ध की तैयारी की तो उनके पास सम्पर्क के कौन से साधन थे? पहला, इस्राएल को परमेश्वर और उसकी आज्ञाओं के द्वारा मार्गदर्शन दिया जा रहा था:

> और जब मूसा यहोवा से बातें करने को मिलापवाले तम्बू में गया, तब उसने प्रायश्चित के ढकने पर से, जो साक्षीपत्र के सन्दूक के ऊपर था, दोनों करूबों के मध्य में से उसकी आवाज सुनी जो उससे बातें कर रहा था; और उसने [यहोवा] उससे बातें कीं (7:89)।

इस्राएल को संचार के अतिरिक्त तरीके उपलब्ध कराए गए थे। दिन में एक बादल और रात में आग के एक खंभे ने इस्राएलियों को यात्रा के दौरान निर्देशित किया (9:15-23; देखें निर्गमन 13:21, 22)। इसके बाद, 10:1-10 के अनुसार, परमेश्वर ने इस्राएल को दो चाँदी की तुरहियाँ बनाने के लिए निर्देश दिया ताकि सेना के प्रधानों को सेना के साथ संवाद करने में सहायता मिल सके। तुरहियों का प्रयोग किया जाता था (1) मण्डली को बुलाने लिए, (2) प्रधानों को इकट्ठा करने के लिए, (3) छावनी को गिराने के लिए, (4) युद्ध में जाने के लिए, और (5) उत्सवों को चिह्नित करने के लिए। इस्राएल युद्ध के लिए आगे बढ़ने के लिए तैयार था क्योंकि इन तरीकों से परमेश्वर ने उसके निर्देशों को संवाद करने के लिए प्रदान किया था।

जिस प्रकार परमेश्वर ने उन दिनों में अपने लोगों की अगुवाई की, वह आज भी अपने लोगों की अगुवाई करता है। वह हमसे प्रत्यक्ष रूप में बातें नहीं करता, बल्कि उसने अपनी इच्छा को उसके वचन बाइबल में प्रकट किया है (यूहन्ना 12:48; 2 तीमु. 3:16, 17) जिस प्रकार इस्राएल को परमेश्वर की सुनने और उसके निर्देशों का पालन करने की आवश्यकता थी इसके बाद, आज परमेश्वर हमसे जो कहता है हमें उसे सुनने और उसका पालन करने की आवश्यकता है।

हमें आज्ञाकारी होना सीखना चाहिए। एक ऐसी सेना जो अपने सेनापति की आज्ञाओं का पालन नहीं करती या उसे अनदेखा करती है वह विजयी होने की आशा नहीं रख सकती। इसी के समान, मसीही भी सफल होने की आशा नहीं रख सकते यदि वे परमेश्वर की आज्ञाओं का उल्लंघन करते हैं या उन्हें अनदेखा करते हैं।

इस्राएल के मामले में, जब उन्होंने सीनै से प्रस्थान की तैयारी की तो उन्होंने पूरी तरह से परमेश्वर की आज्ञाओं का पालन किया। गिनती 1:54, उदाहरण के लिए कहता है, "जो आज्ञाएँ यहोवा ने मूसा को दी थीं इस्राएलियों ने उन्हीं के अनुसार किया" (देखें 2:34; 3:51; 4:49; 8:22; 9:23)। जैसे ही वे प्रतिज्ञा किए गए देश को जीतने के लिए तैयार हुए तो इस्राएल कि क्या एक शानदार शुरुआत थी! हालाँकि, परमेश्वर के प्रति उनकी आज्ञाकारिता लंबे समय तक जारी नहीं रही।

शायद हमें किसी अन्य के अपेक्षा इस बिंदु पर अधिक ध्यान देना चाहिए। क्या यह हमारे बारे में कहा जा सकता है कि "जिसकी आज्ञा यहोवा ने दी थी, उसी के अनुसार, हमने किया?" कलीसिया की सबसे बड़ी ज़िम्मेदारी क्या है? हमारे कूच करने के क्रम में सबसे पहले क्या आता है? क्या ये कलीसिया की प्राथमिक ज़िम्मेदारी नहीं है "खोए हुओं को ढूँढना और उनका उद्धार करना" (लूका 19:10)? क्या हमें आज्ञा नहीं दी गई है, "तुम सारे जगत में जाकर सारी सृष्टि के लोगों को सुसमाचार प्रचार करो" (मरकुस 16:15)?

उपसंहार। क्या हम परमेश्वर की सेना बनने के लिए तैयार हैं? यदि हम उस रूप में व्यवस्थित होंगे जैसा कि परमेश्वर निर्देश देता है, उसके पवित्र लोग बनें, हमारे सेनापति के प्रति पूरी निष्ठा रखें, उसके आदेशों को सुनें, और उसकी आज्ञा

का पूरी तरह से पालन करें, तो हम अन्धकार की शक्तियों के विरुद्ध हमारे युद्ध में सफल होने की आशा रख सकते हैं।

समाप्ति नोट्स

[1]आर. डेनिस कोले, “नम्बर्स,” इन *ज़ोंडर्वन इलस्ट्रेटेड बाइबल बैकग्राउन्ड्स कॉमेन्टरी*, वॉल्यूम 1, *उत्पत्ति, निर्गमन, लैव्यव्यवस्था, गिनती, व्यवस्थाविवरण*, एड. जॉन एच. वाल्टन (ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: ज़ोंडर्वन, 2009), 353. इस पृष्ठ में तूतनखामैन की कब्र से एक तुरही का चित्र सम्मिलित किया गया है। चाँदी की तुरही के विवरण के लिए, देखें जोसेफस *एंटिक्विटीस* 3.12.6। हेरोदेस मंदिर से पवित्र तुरहियों का वर्णन रोम में तीतुस के आर्च के अन्दर संरक्षित है। मेनोरह और दिखाने की रोटी की मेज के साथ तुरहियाँ, मंदिर से उस समय लूट ली गईं जब इसे 70 इस्वी में नष्ट कर दिया गया था। [2]बी. मारसिंघ, *गिनती: अ प्रैक्टिकल कमेंट्री,* ट्रांस. जॉन व्रिएन्ड (ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: विलियम बी. एर्डमैंस पब्लिशिंग कम्पनी, 1987), 35. [3]सेप्टुजिंट (LXX) पश्चिमी और उत्तरी गोत्रों का सन्दर्भ उनके सही क्रम में देता है। हो सकता है कि अनुवादकों ने इस सूचना को अन्तर को भरने के लिए इसमें सम्मिलित किया है। [4]मिशनाह *रोष हशानाह* 4.9. [5]देखें निर्गमन 27:21; 29:9; 30:21; लैव्य. 3:17; 10:9; 23:14, 21, 31, 41; 24:3; गिनती 15:15; 18:23; 19:10, 21. [6]दस्तावेजी परिकल्पना की व्याख्या के लिए, देखें रॉपर, 651-55. [7]इस विचार का विक्टर पी. हैमिलटन, *हैंडबुक ऑन द हिस्टोरिअल बुक्स* (ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: बेकर अकैडमिक, 2001), 121 में सुझाव दिया गया है परन्तु समर्थन नहीं किया गया है।. [8]उपरोक्त. [9]रोनॉल्ड बी. एल्लन, “गिनती,” *एक्सपोजीटर्स बाइबल कमेंट्री*, वॉल्यूम 2, *उत्पत्ति-गिनती*, संपादक फ्रैंक ई. गैबलीन (ग्रैंड रैपिड्स, मिशीगनः जॉडरवैन पब्लिशिंग हाऊस, 1990), 784-85.